हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 30 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 30.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री


राष्ट्रीय पैरा योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप... 12


मां खल्लारी के दर्शन-पूजन से हुई अद्भुत आत्मशांति ... 12



## नवरात्रि विशेष



### अष्टमी: महागौरी

महागौरी देवी भगवती का आठवां स्वरूप है । आठवें नवरात्रि को माता के महागौरी स्वरुप की आराधना का विधान है। महागौरी ही देवी शाकुंभरी, दुर्गा, त्रिनेत्री, मन्शा, चंडी और शताक्षी हैं । देवी महागौरी ने पार्वती रुप में महादेव को पति के रुप पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इससे उनका शरीर कृष्णवर्णी हो गया । इस तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने इनके शरीर पर पावन गंगाजल की धारा डाली। फौरन महामाता विद्युतप्रभा के समान कांतिमान गौरवर्ण की ही गई। तभी से इनका नाम महागौरी पड़ा। महादेव से दैवी शक्तियों हासिल करने के बाद महागौरी ने शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड, रक्तबीज आदि दैत्यों का संहार किया। इन्हें दुर्गा नाम भी दिया गया। महागौरी की उपमा शंख, चंद्र और कंद के फूल से की गई है। इनके समस्त वस्त्र, आभूषण आदि श्वेत है। इनकी चार भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। मां की शक्ति अमोघ फल दने वाली है। माता महागौरी मनुष्य की वृत्तियों को सत और प्रेरित करके असत का विनाश करती हैं। गृहस्थों के लिए तो महागौरी की पूजा विशेष मंगलकारी मानी जाती है। महागौरी का आराधना मंत्र है-
श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोदया।।

# मंदिरों में उमड़ रहा आस्था का सैलाब, अष्टमी हवन और कन्या भोज आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नगर से लेकर ग्रामीण अंचल तक नवरात्र के अवसर पर माता रानी के जयकारे की गूंज है। नगर स्थित महामाया मंदिर में रात के समय विशेष रौनक देखने को मिल रही है। जिले के प्रमुख मंदिरों जैसे महामाया, शीतला, खल्लारी और चंडी मंदिर में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन और मंदिर समितियों ने मिलकर व्यापक इंतजाम किए हैं, ताकि सभी श्रद्धालु शांतिपूर्ण तरीके से दर्शन कर सकें।

नवरात्रि का आठवां दिन देवी दुर्गा के आठवें स्वरूप, मां महागौरी को समर्पित है। इस अवसर पर, मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया है। सुबह से ही मंदिरों के बाहर लंबी कतारें लग रही हैं, जहां भक्त देवी की पूजा और आरती के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। इस दिन कन्या पूजन का भी विशेष महत्व होता है, इसलिए कई घरों और महामाया मंदिर में छोटी कन्याओं को देवी का रूप मानकर उनकी पूजा की जाएगी और उन्हें भोजन कराया जाएगा।

मंदिरों को आकर्षक फूलों और रंगीन रोशनी से सजाया गया है। भक्तों द्वारा भजन-कीर्तन और दुर्गा पाठ का आयोजन भी किया जा रहा है, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया है। विशेष रूप से मनोकामना तेल ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए हैं, जिन्हें देखने और उनके सामने अपनी मुरादें रखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। नगर में धार्मिक आयोजनों और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह से सतर्क है।

## नगर से लेकर ग्रामीण अंचल तक नवरात्र पर्व पर माता रानी के जयकारे की गूंज

### 2627 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित

नगर के महामाया मंदिर में इस साल 2627 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए है। जिसमें महामाया मंदिर में कलश की संख्या 2468, शितला मंदिर में ज्योति कलश की संख्या 144 एवं खल्लारी मंदिर में 15 प्रज्ज्वलित है।



### देवी का दर्शन करने पहुंच रहे भक्त

अंचल के प्रमुख मंदिर महामाया मंदिर, खल्लारी शीतला मंदिर, और चंडी मंदिर में देवी के दर्शन करने जिले सहित अन्य जिलों से लोग पहुंच रहे हैं। मान्यता है कि यहां पहुंचने वाले भक्त की मनोकामना पूरी होती है। वहीं मंदिर समिति द्वारा पर्व के अवसर पर विशेष व्यवस्था बनाई गई है। यहां ज्योति कलश भी प्रज्ज्वलित किये गये हैं। दोनों नवरात्रि पर श्रद्धालुओं का रेला यहां उमड़ता है।

## समस्या : ओवरब्रिज के आसपास के वाहनों की पार्किंग से आवागमन भी होता है बाधित

# अंबेडकर चौक ओवरब्रिज पर बढ़ रहा खतरा अवैध ऑटो पार्किंग से दुर्घटना का अंदेशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शहर का अंबेडकर चौक ओवरब्रिज, जो शहर के सबसे महत्वपूर्ण और व्यस्ततम मार्गों में से एक है, इन दिनों अवैध ऑटो रिक्शा पार्किंग के कारण एक बड़े खतरे का कारण बनता नजर आ रहा है। ब्रिज के पास विशेषकर शाम और रात के समय, ऑटो रिक्शा चालक अपने वाहनों को इस तरह से पार्किंग की जा रही है कि यह यातायात के प्रवाह को बाधित करता है। इससे न केवल वाहनों को निकलने में परेशानी होती है, बल्कि यह कभी भी एक बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है।

ऑटो चालकों का कहना है कि उन्हें यात्रियों को चढ़ाने-उतारने के लिए कोई निर्धारित जगह नहीं दी गई है। इसके परिणामस्वरूप, वे अपनी सुविधा के अनुसार कहीं भी अपने वाहन खड़ी कर देते हैं। ओवरब्रिज के पास की सड़क पर दो-पहिया और चार-पहिया वाहनों के लिए मुश्किल होता है, ऑटो रिक्शा के खड़े होने से और भी संकरा हो जाता है। राहगीर कुलेश्वर, मनीष, भूपेंद्र ने बताया है कि शाम होते ही यहां ऑटो की कतारें लग जाती हैं। कई बार तो बीच सड़क पर ही ऑटो रोक दिया जाता है, जिससे पीछे से आने वाले वाहन चालकों को अचानक ब्रेक लगाना पड़ता है। कई बार दो-पहिया वाहन चालक इन ऑटो से टकराने से बचते हैं। जब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला जाता, तब तक अंबेडकर चौक ओवरब्रिज हर गुजरते दिन के साथ एक बढ़ता हुआ दुर्घटना का क्षेत्र बना रहेगा।



### दुर्घटना का बढ़ता खतरा

यह समस्या केवल ट्रैफिक जाम तक सीमित नहीं है। यह सीधे तौर पर लोगों की जानमाल के लिए खतरा है। ओवरब्रिज पर स्पीड अधिक होने के कारण, अचानक सड़क पर खड़े ऑटो रिक्शा को देखकर नियंत्रण खोने का खतरा बढ़ जाता है। विशेष रूप से रात में, जब कम रोशनी होती है, तो यह खतरा और भी बढ़ जाता है।

### हादसे की आशंका

सड़क पर जब कोई वाहन ओवरटेक करने की कोशिश करता है, तो सामने से आने वाले वाहन से टकराने की आशंका बढ़ जाती है। अचानक सामने आए ऑटो से बचने के लिए तेज गति में चल रहे वाहन चालक को अचानक ब्रेक लगाना पड़ता है, जिससे पीछे से आ रहा वाहन उससे टकरा सकता है। ब्रिज के पास पैदल चलने वालों के लिए कोई अलग से जगह नहीं है। ऐसे में, जब ऑटो रिक्शा खड़े होते हैं, तो उन्हें मुख्य सड़क पर ही चलना पड़ता है, जिससे दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है।

### पति-पत्नी से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम सलडीह में पति-पत्नी के साथ मारपीट करने के मामले में सात आरोपियों के विरूद्ध सांकरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को रविप्रकाश प्रधान पिता स्व. सुफल प्रधान (48 साल) सलडीह ने बताया कि 28 सितंबर की रात्रि करीब 09.30 बजे वह और उसकी पत्नी रजनी प्रधान घर में थे। तभी गांव के युधिष्ठिर बेहरा, लवकुमार बेहरा, कृष बेहरा, विकास बेहरा, दीपक बेहरा, हरीश कटार, पंकज बेहरा उसके घर डंडा लाठी लेकर आये और छोटे बेटे बिट्टू के बारे में पूछने लगे। इस दौरान पत्नी को युधिष्ठिर बेहरा, लव बेहरा ने धक्का देकर गिरा दिया। इसके बाद आरोपियों ने प्रार्थी के साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करना शुरू कर दिया। जब उसने मारने का कारण पूछा तो आरोपियों ने बदला पूरा हो गया कहकर ताली बजाते हुए घर से चले गए। प्रार्थी ने बताया कि जब उसका छोटा बेटा बिट्टू घर आया, तब उसने बताया कि वे लोग उसे फोन कर गाली गलौज कर रहे है तथा मारने की धमकी दे रहे है। इसी कारण खोजते हुए डंडा लाठी लेकर घर आए थे। आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 191(2), 296, 333, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

## खबर संक्षेप



### मारपीट कर जान से मारने की दी धमकी

**महासमुंद।** ग्राम भिलाईदादर में मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के मामले में कोमाखान थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि भिलाईदादर का आसकरण निराला 26 सितंबर की रात करीब 7.30 बजे गांव के बेलपारा मोहल्ला में दुर्गा देखने जा रहा था, उसी समय बारिश होने से कौशल ध्रुव के दुकान के सामने छत के नीचे खड़े होकर बातचीत कर रहे था, तभी गांव के परदेशी निषाद ने वहां आकर क्यों हल्ला कर रहे हो कहते हुए गाली गलौज करने लगा। जब उसे गाली देनेसे मना किया तब पास में पड़े बांस के डंडे से मारपीट की। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### तालाब के पास से बाइक चोरी

**महासमुंद।** तालाब के पास बाइक खड़ी बाइक चोरी के मामले में तेंदूकोना थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को ग्राम शिकारीपाली निवासी नेमीचंद सतनामी पिता तिजाउ सतनामी ने बता कि वह 20 सितंबर को अपने पिताजी के साथ ग्राम भुरकोनी सामान खरीदने गया था। शाम करीबन 4.30 बजे बाजार तालाब के पास अपनी मोटर सायकल सीजी 06 जीके 1714 को खड़ी कर शराब खरीदने वे दोनों शराब भट्टी भुरकोनी गये। जहां से वापस आने पर देखा कि बाइक उक्त जगह पर नहीं थी, जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## मारपीट के दो मामलों में आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बसना थाना क्षेत्र अंतर्गत मारपीट के अलग-अलग मामलों में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

पुलिस ने बताया कि ऋषिकेश यादव पिता शक्राजीत यादव (31 साल) ग्राम डोंगरीपाली 27 सितंबर की रात लगभग 9 बजे अपनी मोटर सायकल से अपने साले रामाकांत यादव के साथ में राममाटा दुर्गा देखने के लिए गया था। लगभग 10 बजे वे अपने गांव डोगरीपाली आ रहे थे, तभी ग्राम ढालम के बडखामुडा तालाब के पास कुछ लोग शराब का सेवन कर हल्ला कर रहे थे, जिसे सुनकर वे लोग रूके एवं उनके पास गये तो ग्राम दलदली के रहने वाले संजय पटेल, अमन पटेल एवं उनके अन्य साथियों को हल्ला करने से मना किया, इस पर उन लोगों ने प्रार्थी के साथ गाली गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी देकर मारपीट किया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। दूसरे मामले में प्रार्थिया ने सुलोचना चौधरी पति लच्छीराम चौधरी (58 साल) निवासी ग्राम पैता ने पुलिस को बताया 27 सितंबर कीरात नवरात्रि पर्व पर गांव के रंगमंच में हो रहे डांस कार्यक्रम को देखने गई थी। रात करीब 11.30 बजे कार्यक्रम देखकर अकेली घर वापस आ रही थी, तभी गांव योगेश सिदार शराब पीकर आया और मुझे बीडी पीने नहीं देती है कहकर गाली देते हुए मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 296,115(2),351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## अंडर ट्रॉयल रिव्यू कमेटी ने किया जिला जेल का निरीक्षण





हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

अंडरट्रायल रिव्यू कमेटी द्वारा सोमवार को जेल का ऑकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चेतना ठाकुर, अतिरिक्त कलेक्टर अक्षा गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पांडेय, नायब तहसीलदार जुगल किशोर, सहायक जेल अधीक्षक मुकेश प्रसाद कुशवाहा, जेल चिकित्साधिकारी महेंद्र चौधरी एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

कमेटी के सदस्यों द्वारा समस्त बैरकों में जाकर बंदियों की समस्या संबंधी जानकारी ली गई, जिसमें विधिक, खान-पान, स्वास्थ्य संबंधी, जेल सुरक्षा आदि शामिल है। कमेटी ने जेल की संपूर्ण व्यवस्था को ठीक पाया। कमेटी द्वारा प्रमुख रूप से बंदियों के स्वास्थ्य, विधिक, जेल विस्तारीकरण हेतु जमीन हस्तांतरण, नये बैरकों के निर्माण, आधुनिक वीडियो कांफ्रेंसिंग रूम, आधुनिक मुलाकात कक्ष, बंदियों के कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था, सरायपाली में 300 की क्षमता के उप जेल निर्माण के संबंध में भूमि हस्तांतरण एवं जेल निर्माण संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा हुई।

## बिना नामिनी के धान नहीं बेच पाएंगे किसान

# किसानों को कराना होगा एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के किसान समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए किसान सहकारिता विभाग के अधीन पंजीयन कराते हैं। सहकारिता व कृषि विभाग को यह दायित्व सौंपा जाता है कि वह अधिक से अधिक किसानों का पंजीयन करें, ताकि पंजीयन के बाद किसान समर्थन मूल्य पर अपना धान बेचकर अच्छा मूल्य प्राप्त कर सकें।

छत्तीसगढ़ में 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर पर सरकार धान की खरीदी करती है। लेकिन अब इस समर्थन मूल्य को प्राप्त करने के लिए किसानों को राज्य सरकार वाले पंजीयन के अलावा केंद्र सरकार की एग्रीस्टैक पोर्टल पर एक और पंजीयन कराना होगा। यह पंजीयन किसानों के लिए अनिवार्य कर दिया गया है। यदि पंजीयन नहीं कराया तो वह समर्थन मूल्य पर धान नहीं बेच सकेंगे। जिले में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन किया जा रहा है।

नोडल अधिकारी अविनाश शर्मा ने बताया कि पिछले वर्ष एक लाख 53 हजार 165 किसानों ने धान विक्रय किया था। अभी तक एग्रीस्टेक पोर्टल में एक लाख 43 हजार 382 किसानों ने पंजीयन किया है। शेष 9 हजार 783 किसान पंजीयन कर रहे हैं। जिसके लिए किसानों को समझाईश दी जा रही है। जिनका डाटा कैरी फारवर्ड किया जाएगा। हालांकि, किसानों के पास अभी 31 अक्टूबर तक का समय है। आशंका जाताई जा रही है कि अभी एग्रीस्टेक पंजीयन हो रहा है जिसे किसान पोर्टल अर्थात एकीकृत पंजीयन से जोड़ा जा रहा है। ऐसे में तकनीकी कारणों से नामिनी का डिटेल क्रैश हो सकता है। जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ सकता है।



### बिना नामिनी के धान नहीं बेच पायेंगे किसान

कई बार ऐसी परिस्थिति आती है कि जब किसान किसी कारणों से धान बेचने के लिए अंगूठा न लगा सके तो नामिनी के अंगूठे लगाकर धान बेच सकता है। ऐसी स्थिति में शासन ने नामिनी अनिवार्य कर दिया है। शासन का स्पष्ट फरमान है कि जब तक किसान अपने खाते में नामिनी दर्ज नहीं कराएंगे, तब तक धान बिक्री नहीं कर सकेंगे। अर्थात समिति भी जब तक नामिनी की एंड्री नहीं करेगी, तब तक उसका कैरी फारवर्ड नहीं हो पायेगा। ऐसे में जब तक कैरी फारवर्ड नहीं होगा तो शासन धान नहीं खरीदेगी।

### पंजीयन ने उलझाया

किसानों को एग्रीस्टेक पोर्टल पर डिजिटल पंजीयन ने इस वर्ष उलझा दिया है। पंजीयन में पुराना डाटा व रिकार्ड दिखाने से किसान अभी भी परेशान हैं। संशोधन नहीं होने से किसान समितियों के चक्कर लगा रहे हैं। पोर्टल पर पंजीयन तो हो रहा है, लेकिन डाटा पुराना ही दिखा रहा है।

### अच्छी फसल की उम्मीद

जिले में दो लाख 45 हजार हेक्टेयर में धान की फसल ली गई है। किसानों को इस वर्ष भी अच्छी फसल की उम्मीद है। पिछले वर्ष 110 लाख क्विंटल धान की खरीदी की गई थी। हालांकि, इस वर्ष बारिश कम हुई है। बांधों में भी पानी इस वर्ष कम है। इससे किसान चिंतित हैं। इसके अलावा फसल पर कीट का प्रकोप भी देखने को मिल रहा है।

## पिथौरा में सट्टा लगवा रहे युवक पर हुई कार्रवाई

**महासमुंद।** क्रिकेट मैच के दौरान लोगों से सट्टा लगवा रहे युवक पर पिथौरा थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि नमन गोयल निवासी पिथौरा नामक व्यक्ति द्वारा लोगों को मोबाईल फोन के माध्यम से रुपए पैसे का दांव लगवाकर एशिया कप क्रिकेट मैच में सट्टा लगवा रहा है। मौके पर पहुंचकर उक्त व्यक्ति को पकड़ा गया, जिसने पूछताछ में अपना नाम नमन गोयल पिता राजेश गोयल (28 साल) वार्ड नं 06 पिथौरा होना बताया। आरोपी के कब्जे से दो नग मोबाईल तथा नगदी रकम 1200 रुपए को बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने उक्त बरामद सामान के अतिरिक्त ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा हेतु आकाश अग्रवाल निवासी सरायपाली से आईडी लिया जाना तथा आकाश अग्रवाल के जरिए मोबाईल नंबरों के संपर्क में रहना तथा फोन पे के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा की रकम स्थानांतरण करने की जानकारी दी गई। इसी प्रकार राजा सलूजा निवासी बागबाहरा के मोबाईल नंबर के संपर्क में रहना तथा फोन पे के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा के रकम स्थानांतरण करना बताया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी मुख्य रूप से ऑनलाइन सट्टा खेलने खिलाने हेतु आकाश अग्रवाल एवं राजा सलूजा के साथ मिलकर कार्य कर रहा था। मामले में आरोपी के खिलाफ छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की जुआ एक्ट की धारा 7 एवं 112(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## शराब की अवैध बिक्री पर हुई कार्रवाई

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री कर रहे एक व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस ने बताया कि आरोपी अमर कुमार बेहरा पिता चंद्रभानू बेहरा (31 साल) वार्ड नं 04 खटखटी रोड बसना के कब्जे से 32 पौवा शोले देशी प्लेन शराब कीमत 2560 रुपए और स्कूटी को जब्त किया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है।

**खबर संक्षेप**

## देवरी स्कूल की छात्राओं को मिली साइकिल

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी में छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चुन्नी लाल साहू पूर्व सांसद महासमुंद, अध्यक्षता प्रीतम सिंह दीवान पूर्व विधायक खल्लारी रहे। विशेष अतिथि के रूप में रूपेश साहू मंडल अध्यक्ष, लोचन पटेल जनपद सदस्य,पीलेश्वर पटेल, राम खिलावन साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष, कन्हैया नायक पूर्व जनपद सदस्य बागबाहरा, प्रकाश पटेल महामंत्री, हरीश जगत, विष्णु साहू मंडी अध्यक्ष सोसायटी बसुलाडबरी शामिल हुए। आयोजन समिति से शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रमेश पटेल सदस्य गण कामता पुरेना, सरिता चंद्राकर, दुर्गेश साहू, बाला राम पटेल, याद राम साहू आदि शामिल रहे। साइकिल वितरण से पहले सेवानिवृत्त शिक्षक बीआर साहू का अतिथियों ने पुष्प हार शाल, श्रीफल से स्वागत किया गया। पूर्व सांसद साहू ने बताया कि इस योजना से छात्राओं को लाभ पहुंचेगा और रोजाना समय पर विद्यालय पहुंच कर विद्या अध्ययन कर पाएंगी और अपने लक्ष्य प्राप्त करेंगे। इन्होंने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन और डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का जिक्र करते हुए बताया कि सुविधाओं का अभाव होते हुए अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से अब्राहम लिंकन राष्ट्रपति के पद पर आसीन हुए और डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने भारत के संविधान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रमेश पटेल ने कहा कि समस्त छात्र-छात्राएं नियमित विद्यालय में उपस्थित रहे और अनुशासन का पालन करे विद्यालय के प्राचार्य डोमन सिंह टंडन ने बताया कि इस वर्ष विद्यालय के 69 छात्राओं को निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना का लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता परस राम सिन्हा ने किया।

## सेवा पखवाड़ा रजत महोत्सव के अंतर्गत वरिष्ठजन सम्मान समारोह हुआ

**महासमुंद।** सेवा पखवाड़ा रजत महोत्सव 2025 के तहत जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान हेतु लगातार विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी शृंखला में 27 सितंबर को जिले की समस्त जनपद पंचायतों में सम्मान समारोह आयोजित किया गया था, जिसमें लगभग 365 वरिष्ठजनों को पेंशन स्वीकृति आदेश एवं आवश्यकतानुसार सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। इसी कड़ी में 28 सितंबर को समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुदानित संस्था आसियाना वृद्धाश्रम, दलदली रोड नयापारा महासमुंद में वरिष्ठजन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू तथा विशिष्ट अतिथि नपाउपाध्यक्ष देवीचंद राठी, महेंद्र सिक्का, राहुल चंद्राकर, आनंद राम साहू (जिला उपाध्यक्ष स्काउट संघ), पंकज चंद्राकर, रितेश गोलछा (चार्टर्ड अकाउंटेंट), शरद राव एवं हिमांशु चंद्राकर रहे। कार्यक्रम में कुल 118 वृद्धजन पंजीकृत हुए। वरिष्ठजनों के उत्साहवर्धन हेतु जलेबी दौड़, कुर्सी दौड़, गुब्बारा फोड़ जैसे खेल आयोजित किए गए। साथ ही राउत गीत, सुआ नृत्य, पंथी नृत्य एवं उड़िया नृत्य जैसी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को जीवंत बना दिया।

**आयोजन : विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े हुए शामिल**

# विधायक के जन्मदिन पर हुआ रुद्राभिषेक व हवन-पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद






विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के जन्मदिन पर विधायक कार्यालय के पीछे स्थित परिसर में पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक व पूजन हुआ। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े सहित भाजपा के स्थानीय वरिष्ठ नेतागण, पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में आमजन शामिल हुए। विधायक ने भी सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। रुद्राभिषेक पश्चात प्रसाद वितरण व भोजन के साथ अतिथियों को रुद्राक्ष वितरण भी किया गया।

रुद्राभिषेक व हवन पूजन से पूर्व कार्यालय आगमन पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का भाजपा के वरिष्ठ नेतागण, पदाधिकारीगण व कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। पश्चात पार्थिव शिवलिंग का रुद्राभिषेक व हवन पूजन में परिवार सहित शामिल हुए। मंत्रोच्चार के साथ हवन पूजन हुआ। इस अवसर पर पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा परिवार द्वारा श्रावण मास में एक माह का रुद्राभिषेक एवं हवन पूजन आयोजित की जाती है। साथ ही अन्य अवसरों पर भी आयोजन किया जाता है, जिससे क्षेत्रवासियों को रुद्राभिषेक में शामिल होने का पुण्यलाभ प्राप्त होता है। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि हमारी सरकार सभी वर्गों के लिए कार्य कर रही है। महिलाओं के सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन के लिए महतारी वंदन योजना संचालित कर रही है। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा भी क्षेत्र की महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं।

**शाम तक पहुंचते रहे बधाई देने लोग**-देर शाम तक विधायक कार्यालय में बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। विधायक सिन्हा ने कहा कि वें सभी का स्नेह और आशीर्वाद पाकर काफी प्रफुल्लित हैं। उन्होंने कहा कि महादेव की कृपा एवं आप सभी के आशीर्वाद से मैं आज आपके क्षेत्र के प्रतिनिधि के रूप में कार्य कर रहा हूं।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर सांसद रूपकुमारी चौधरी, बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, कृषि एवं बीज विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य इंद्रजीत सिंह गोल्डी, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक रामलाल चौहान, त्रिलोचन पटेल, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, अल्का चंद्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, जनपद अध्यक्ष दिशा दीवान, उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, वरिष्ठ नेतागण निरंजना शर्मा, प्रकाश शर्मा, संदीप दीवान, संदीप घोष, बंटी शर्मा, हरवंश सिंह, मोनिका साहू, माधव राव टांकसाले, सतपाल सिंह पाली, मंडल अध्यक्ष दिग्विजय साहू, डिम्पल ध्रुव, डिगेश्वरी चंद्राकर, रमेश साहू, मुन्ना साहू, प्रशांत श्रीवास्तव, अग्रज शर्मा, अनिता रावटे, अरुणा शुक्ला, शम्मी सलूजा, सुनिल पटेल, हितेश चंद्राकर, कौशल्या बंसल, मोती साहू, स्मिता चंद्राकर, मीना वर्मा, मनीष शर्मा, मनीष बंसल, अजय चोपड़ा, रेखा बेहरा, हफीज कुरैशी, मंगेश टांकसाले, अरविंद प्रहरे, नंदू जलक्षत्री, संतोष राजू साहू, श्याम साकरकर, माखन सिन्हा, आनंद गिरी, गोविंद ठाकुर, नितिन जैन, हनीश बग्गा, राहुल चंद्राकर, विनोद रात्रे, पप्पू पटेल, शुभ्रा शर्मा, दिनेश रूपरेला, माखन पटेल, पीयूष साहू, पप्पू ठाकुर, चंद्रशेखर बेलदार, सुनैना ठाकुर, सोनाधर सोनवानी, राजेंद्र चंद्राकर, भारती चंद्राकर, सीता डोंडेकर, कल्पना सूर्यवंशी, जरीना हफीज कुरैशी, रामेश्वर पांडे, आनंद साहू, धनेश्वरी सोनवानी, शरद राव, रामेश्वर पटवा, दिनेश रूपरेला, भगवती करकसे, मधु यादव, नईम खान, अमित साहू, सुमित जैन, अमन वर्मा, आकाश पांडे, अभिषेक पांडे, जतिन रूपरेला, गुड्डा सिन्हा, भैरव भविष्य सहित अन्य उपस्थित रहे।

# चैतन्य देवियों की झांकी का अवलोकन करने पहुंच रहे नगरवासी



**महासमुंद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान नवरात्रि के पावन पर्व पर पांच दिवसीय चैतन्य देवियों की झांकी सजाई गई, तुमगांव रोड स्थित स्थानीय सेवाकेंद्र उपकार भवन में मां लक्ष्मी मां दुर्गा मां सरस्वती की जीवंत झांकी का अवलोकन करने नगरवासी पहुंच रहे हैं। संध्या 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक झांकी का अवलोकन किया जा रहा है। सेवा केंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीति दीदी ने चैतन्य झांकी रखने का मुख्य उद्देश्य बताया कि हर महिला के भीतर दैवीय शक्तियां और गुण मौजूद होते हैं और लोग इन गुणों को पहचान कर श्रेष्ठ और आत्मिक रूप से जीवन जी सकते हैं, यह झांकी दर्शाती है हर व्यक्ति के अन्दर सहन शक्ति, परखने की शक्ति, निर्णय करने की शक्ति, सहयोग की शक्ति इस प्रकार आठ शक्तियां सभी में मौजूद होती है, जिन्हें देवी के रूप में प्रदर्शित किया जाता है। राजयोग ध्यान के माध्यम से एकाग्रता मानसिक सुख-शांति और इंद्रियों पर अनुशासन प्राप्त करने का सरल तरीका बताती है। ध्वनि और प्रकाश के सुंदर समायोजन में छोटी-छोटी ब्रम्हा कुमारी बहनें देवी का रूप धरकर ऐसे विराजमान होती है, मानो स्वर्ग से इस धरा पर उतर आईं हों और अपनी शीतल दृष्टि से वरदानों से अपने भक्तों और श्रद्धालुओं के दु:ख अशांति और मनोविकारों से मुक्ति दिला रहीं हो, ऐसा प्रतीत होता है जैसे शिव शक्तियां धरती पर आ गई हो।




## केंद्रीय विद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता रैली का आयोजन

**महासमुंद।** पीएम केंद्रीय विद्यालय महासमुंद में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियां संचालित हो रही हैं। इसी शृंखला में विद्यालय द्वारा स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य संजय कंसल ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा पूरे रमन टोला क्षेत्र का भ्रमण करते हुए स्वच्छता के नारे लगाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस कार्यक्रम का संचालन स्वच्छता प्रभारी सोनिया के कुशल मार्गदर्शन में हुआ। रैली को सफल बनाने में प्राथमिक विभाग प्रधानाध्यापिका कांता एक्का, जितेंद्र कुमार चंद्राकर, दशरथ राम यादव, ओमप्रकाश चंद्राकर, नीलमाधव सिंह, प्रवीण साहू याद राम साहू प्रभात देवांगन गुलाब राम आवडे, प्रवीण साहू, सूर्य कुमार साहू राजेश सर सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ।



## खोकसा में दीनदयाल उपाध्याय जयंती मनाई गई

**भंवरपुर।** शासकीय हाईस्कूल खोकसा में दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के पावन अवसर अवसर पर संकुल प्राचार्य पी एन ठाकुर एवं संकुल समन्वयक नंदकुमार चौहान, सरपंच ग्राम पंचायत खोकसा बाबूलाल दीवान, भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉक्टर शिव चौधरी, जनपद सदस्य मधु प्रेम खूंटे, मोहित नायक, सत्यनारायण साहू, संतराम निषाद, नंदकुमार चौहान रोजगार सहायक, दादूलाल चौहान, विद्यालय के सभी शिक्षकों की उपस्थिति में दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर मालयार्पण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। ततपश्चात अतिथियों द्वारा विद्यालय परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया। संकुल समन्वयक एनके चौहान ने अपने उद्बोधन में कहां कि दीनदयाल उपाध्याय का जीवन समाज के लिए अनुकरणीय है। उनके आदर्श को जीवन में उतारकार हमअपने व्यक्तित्व का विकास करेंगे।



## गुणवत्तापूर्ण जीपीडीपी निर्माण के लिए सरपंच एवं सचिवों की कार्यशाला आयोजित

**महासमुंद।** ग्राम पंचायतों को सशक्त और विकसित बनाने के उद्देश्य से पीरामल फाउंडेशन टीम द्वारा जनपद पंचायत महासमुंद के सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में महासमुंद ब्लॉक की चयनित 20 ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सचिव शामिल हुए। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आगामी ग्राम सभा में पंचायत विकास सूचकांक के अनुसार गुणवत्तापूर्ण ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) का निर्माण करना था। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को ग्राम पंचायत प्लानिंग एंड फैसिलिटेशन टीम गठित कर पंचायत की वास्तविक जरूरतों के आधार पर योजना तैयार करने की जानकारी दी गई। एलएसडीजी की 9 थीमों में से पंचायतों द्वारा प्राथमिकता तय कर योजनाओं को शामिल करने, महिला समूहों के साथ चर्चा, युवा क्लब का गठन, स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाओं को प्रेरित करने पर जोर दिया गया।

# ऑपरेशन सिंदूर कप खिताब पर टेस्ट ऑफ पंजाब ने जमाया कब्जा



**महासमुंद।** शहर के मिनी स्टेडियम मैदान में ऑपरेशन सिंदूर कप रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का शानदार आयोजन हुआ। समाजसेवी जसमीत बादल मक्कड़ के संरक्षण में आयोजित फ़ाइनल मैच में सुपर ओवर से विजेता का निर्णय हुआ। प्रतियोगिता में टेस्ट ऑफ पंजाब के कप्तान आशुतोष जोशी द्वारा बहुत ही सूझबूझ और समझ से युवाओं को लेकर प्रतियोगिता में टेस्ट ऑफ पंजाब को फाइनल का खिताब दिलवाया।

प्रतियोगिता का फ़ाइनल मैच टेस्ट ऑफ पंजाब व मालीडीह मास्टर्स के मध्य रोमांचक मुकाबला खेला गया। जिसमें मालीडीह मास्टर्स की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया, टेस्ट ऑफ पंजाब ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 8 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 107 रन बनाए थे। टेस्ट ऑफ पंजाब की ओर से बल्लेबाज संजू चंद्राकर ने 18 गेंद पर 53 रनों की तूफानी पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करते हुए मालीडीह मास्टर्स भी 107 रनों की स्कोर पर ऑल आउट हो गई। मालीडीह मास्टर्स की ओर से गज़नी 27, परवेज अली 23 व दुष्यंत ने 21 रनों का योगदान दिया। मैच का निर्णय सुपर ओवर मुकाबला में हुआ, जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए मालीडीह मास्टर्स की टीम सिर्फ 3 रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछे करते हुए टेस्ट ऑफ पंजाब ने यह मुकाबला आसानी से अपने नाम किया एवं ऑपरेशन सिंदूर कप खिताब में अपना कब्जा किया।

विगत 20 दिनों से चल रही ऑपरेशन सिंदूर क्रिकेट प्रतियोगिता का शानदार आयोजन शहर के मिनी स्टेडियम मैदान में शानदार आयोजन हुआ। आईपीएल की तरह ही 196 खिलाड़ियों को 14 फ्रेंचाइजी के मध्य ऑक्शन के प्रक्रिया से खरीदा गया था। आयोजक समिति द्वारा जिले एवं गांव के सभी खिलाड़ियों को अपने खेल का जौहर दिखाने का शानदार मंच प्रदान किया गया। प्रतियोगिता की विजेता टीम टेस्ट ऑफ पंजाब को 1 लाख रुपए नगद व ट्रॉफी, उपविजेता टीम मालीडीह मास्टर्स को 60 हजार रुपये एवं ट्रॉफी, तृतीय स्थान पर रहने वाली टीम दर्श इलेवन को 20,000 रुपये एवं ट्रॉफी प्रदान किया गया। प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी शिवम चंद्राकर को 11,000 रुपये एवं ट्रॉफी, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज दुष्यंत चंद्राकर को 5,555 व ट्रॉफी, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज विपुल चंद्राकर को 5,555 व ट्रॉफी, सर्वश्रेष्ठ 35 प्लस खिलाड़ी अभिषेक गुप्ता को 5,555 एवं ट्रॉफी, सर्वश्रेष्ठ सिल्वर केटेगरी खिलाड़ी सेबेस्टियन जेकब को 3,333 एवं ट्रॉफी, सर्वश्रेष्ठ फील्डर चेतन यादव को 3,333 रुपए एवं ट्रॉफी, प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ उभरते खिलाड़ी प्रिंस महंती को 3,333 एवं ट्रॉफी दिया गया। ऑपरेशन सिंदूर कप प्रतियोगिता में शामिल सभी 14 टीम एवं टीम मालिकों को प्रतियोगिता के अध्यक्ष व संरक्षक जसमीत बादल मक्कड़ ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। आयोजन को सफल बनाने में सभी कार्यकर्ता एवं सहयोगियों को ट्रैक सूट प्रदान किया गया।

## राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप में बेमचा के खिलाड़ी शामिल

**महासमुंद।** 44वीं सब-जूनियर एवं 71वीं सीनियर नेशनल बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप 2025 बालक एवं बालिका वर्ग का आयोजन दिनांक 25 से 28 सितंबर 2025 तक तमिलनाडु में आयोजित किया गया है। छग टीम का कोचिंग कैंप भिलाई के बॉल बैडमिंटन खेल परिसर सेक्टर- 4 में 15 से 22 सितंबर तक एवं सब- जूनियर कैंप धमतरी में आयोजित किया गया था, जिसमें प्रदेश से बालक एवं बालिका दोनों वर्गो में 14-14 खिलाड़ी शामिल हुए, जिसमें जिले से राहुल, लक्ष्मी, दामिनी, गीतांजलि, सविता, ढालेन्द्र यादव, सागर चंद्राकर, मुकेश निषाद एवं जीतू ध्रुव शामिल हुए। कैंप में शानदार प्रदर्शन करने वाले 10 बालक एवं 10 बालिका खिलाड़ियों की अंतिम चयन सूची जारी किया गया। चयनित खिलाड़ियों में महासमुंद जिले से सीनियर वर्ग में राहुल कुर्रे पिता लालाराम कुर्रे, लक्ष्मी चंद्राकर पिता नरेश चंद्राकर, दामिनी वर्मा पिता स्व. भोला राम, सब जूनियर खिलाड़ियों में गीतांजलि साहू पिता भानु साहू, सविता जोशी पिता बीर सिंह जोशी, ढालेंद्र यादव पिता जोधन यादव, सागर चंद्राकर पिता संतोष चंद्राकर, जीतू ध्रुव पिता महेश ध्रुव व टीम मैनेजर मोहन राव, कोच रणविजय तथा सब जूनियर प्रशिक्षक डॉ. सेवन दास मानिकपुरी महासमुंद एवं सूरज नायक बालिका प्रशिक्षक पूनम निषाद व सीनियर वर्ग में प्रशिक्षक इसरार अहमद खान दुर्ग व मैनेजर ऋचा तिवारी दुर्ग शामिल है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा ट्रैक सूट प्रदान किया गया है।

# आत्मानंद कॉलेज में आयोजित किया गया सेवा पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद में उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार सेवा पखवाड़ा 2025 का आयोजन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक किया जाना है। महाविद्यालय प्रमुख डॉ अनुसुइया अग्रवाल के मार्गदर्शन में स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान, शपथ तथा कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़ का कार्यक्रम विगत दो दिनों में किया गया है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल, विशेष अतिथि के रूप में वरिष्ठ प्राध्यापक प्रतिमा चंद्राकर हिंदी, रवि देवांगन सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र एवं तरुण बांधे सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य संकाय) उपस्थित रहें। प्रथम दिवस में महाविद्यालय परिवार के संकल्प और उत्साह के साथ सेवा पखवाड़ा की शुरुआत हुई। विद्यार्थियों और स्टाफ ने मिलकर परिसर को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में सभी ने समाज में स्वच्छता का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम अधिकारी के रूप में अतिथि व्याख्याता संजय कुमार अंग्रेजी ने सभी छात्र छात्राओं को सपथ दिलवाया। द्वितीय दिवस में कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में छात्रों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली।

हंसी-मज़ाक और उत्साह से भरे इस खेल ने पूरे माहौल को ऊर्जा और मनोरंजन से भर दिया, तत्पश्चात जलेबी दौड़ प्रतियोगिता ने छात्रों की फुर्ती और चपलता की परीक्षा ली। छात्र-छात्राओं ने पूरे जोश के साथ भाग लिया और दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। दोनों प्रतियोगिताओं ने सेवा पखवाड़े के माहौल को जीवंत बना दिया तथा विद्यार्थियों में आपसी सहयोग और मित्रता की भावना को प्रबल किया।

कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में छात्र वर्ग से प्रथम स्थान पर ग्रंथ चोपड़ा बीएससी प्रथम सेमेस्टर, आर्यन चंद्राकर बीकॉम प्रथम सेमेस्टर द्वितीय स्थान, छात्रा वर्ग से रितु साहू बीए अंतिम वर्ष प्रथम स्थान एवं आकृति यादव बीकॉम तृतीय सेमेस्टर, द्वितीय स्थान पर रही। जलेबी दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ईशा चंद्राकर बीकॉम प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान आकृति यादव बीकॉम तृतीय सेमेस्टर एवं तृतीय स्थान अनन्या यादव बीएससी अंतिम वर्ष रही। कार्यक्रम अधिकारी के रूप में अतिथि व्याख्याता डॉ. ग्लैडिस एस. मैथ्यू एवं खुशबू ग्रंथपाल ने सफल आयोजन किया। इस दौरान अतिथि व्याख्याता - आलोक हिरवानी कंप्यूटर साइंस, चित्रेश बरेठ रसायन शास्त्र, माधुरी दीवान वाणिज्य, हरिशंकर नाथ राजनीति विज्ञान, मुकेश सिन्हा कंप्यूटर एप्लीकेशन, शेषनारायण साहू लैब टेक्नीशियन, जगतारण बघेल लैब टेक्नीशियन, नानक साहू कंप्यूटर ऑपरेटर मौजूद रहे।

# 308 गांवों में विलेज एक्शन प्लान निर्माण अंतिम चरण में, अधिकारी लगातार कर रहे गांवों का दौरा

**महासमुंद।** आदि कर्मयोगी अभियान के क्रियान्वयन को गति देने हेतु जिले में अधिकारी भी लगातार गांवों का दौरा कर कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित कर रहे हैं। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने बागबाहरा विकासखंड के ग्राम रैताल पहुंचकर जायजा लिया। वहीं जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार ने पिथौरा विकासखंड के ग्राम परसापाली में जाकर दिशा-निर्देश प्रदान किए। ज्ञात हो कि अभियान के अंतर्गत प्रशिक्षण का दौर पूर्ण हो चुका है तथा अब ग्राम विकास हेतु विलेज एक्शन प्लान निर्माण का कार्य अंतिम चरण में है। जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार 2 अक्टूबर को जिले के धरती आबा योजना अंतर्गत चयनित 308 ग्रामों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन कर इन एक्शन प्लानों का अनुमोदन किया जाएगा। इसके पश्चात इन्हें आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा, ताकि केंद्र सरकार इन ग्रामों की आवश्यकताओं के अनुरूप विशेष योजनाएं बना सके।

पूर्व में योजनाएं उच्च स्तर पर तैयार होकर गांवों तक पहुंचती थीं, जिससे अंतिम छोर तक लाभ पूर्ण रूप से नहीं पहुंच पाता था। इसी व्यवस्था को बदलते हुए आदि कर्मयोगी अभियान की शुरुआत की गई है, जिसमें ग्राम स्तर के लोग स्वयं अपने गांव के विकास की योजना बनाते हैं और शासन-प्रशासन उसे क्रियान्वित करता है। इसी क्रम में 308 आदिवासी बहुल ग्रामों में ट्रांजैक्ट वॉक, चौपाल, बैठकें आदि के माध्यम से ग्रामवासियों की समस्याओं और समाधान पर चर्चा कर एक्शन प्लान तैयार किया जा रहा है। इस कार्य में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए जिले के 6 मास्टर ट्रेनर और विकासखंड स्तर के 50 मास्टर ट्रेनरों की टीम लगातार सहयोग कर रही है।

## खबर संक्षेप



### सूर्या नर्सिंग इंस्टीट्यूट में गरबा उत्सव का आयोजन

**महासमुंद।** सूर्या नर्सिंग इंस्टीट्यूट में नवरात्रि के पावन अवसर पर गरबा उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर नर्सिंग के विद्यार्थियों ने माता दुर्गा का उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय स्वागत किया। पारंपरिक गीतों और भजनों की गूंज ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। विद्यार्थियों ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर गरबा एवं डांडिया की शानदार प्रस्तुतियां दीं, जिसने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने मां दुर्गा के प्रति आस्था और श्रद्धा व्यक्त करते हुए पारंपरिक नृत्यों के माध्यम से भारतीय संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। संस्थान के शिक्षकों एवं स्टाफ ने भी विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन में भाग लिया और उनके आयोजन की सराहना की। यह गरबा उत्सव विद्यार्थियों की प्रतिभा और सांस्कृतिक भावना का अद्वितीय संगम बनकर सभी के लिए अविस्मरणीय यादें छोड़ गया।



### विकसित भारत विषय कार्यक्रम, विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

**महासमुंद।** स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के आदेशानुसार स्कूलों में विकसित भारत विषय पर विविध कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद में प्राचार्य आर सिन्हा के मार्गदर्शन में संस्था के साहित्यिक प्रभारी व्याख्याता तोषण गिरि गोस्वामी द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पूजा परमार ने प्रथम, संजना साहू ने द्वितीय तथा सानिया साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं दीक्षा चंद्राकर, दीपक यादव और राकेश सेन को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। शाला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को संकुल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता के निर्णायक व्याख्याता पूजा साहू तथा तपस्या शर्मा थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विमल मन्नाडे, संजय मांझी, ज्योति किरण चंद्राकर, आशीष देवांगन, हेमंत खुंटे, नोबल ध्रुव, खेमलता कंवर, दुर्गेश नंदिनी यदु, प्रज्ञा लांजेवार सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

### पंचमी पूजा में शामिल होने विभिन्न दुर्गा पंडाल पहुंचे नपाध्यक्ष

**महासमुंद।** नवरात्र के पंचमी के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू नगर के विभिन्न वार्डों में विराजित मां दुर्गा के आशीर्वाद लेने पहुंचे। उन्होंने पंडालों में विराजित मां दुर्गा का दर्शन पूजा कर नगर व क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इस दौरान उन्होंने संध्या पूजा आरती में शामिल होकर सभी की मनोकामना पूरी करने माता से प्रार्थना की। साहू ने दुर्गा पंडालों में पहुंचकर सामुदायिक एकता को बढ़ावा देने दुर्गा समिति के युवाओं का उत्साह वर्धन किया। पंडालों में पहुँचते ही दुर्गा समिति के युवाओं ने उनका श्रीफल, तिलक लगाकर स्वागत किया। अनेक स्थानों पर उन्होंने जस सेवा समितियों के साथ माता सेवा में सहभागी बने। इस दौरान उनके साथ कार्यकर्ता व वार्डों के दुर्गा समितियों के युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

**आयोजन : मनसा देवी के दरबार में हुआ भव्य जगराता का कार्यक्रम**

# गरबा ने लोगों का मोहा मन, सोलह श्रृंगार में सजी सुहागिन महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

शारदीय नवरात्रि पर स्थानीय ब्लाक कॉलोनी मनरेगा प्रांगण में माता रानी का जगराता भजन संध्या एवं गरबा नृत्य का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नगर के सैकड़ों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर भजन संध्या का आनंद लिया। जगराता भजन संध्या के आयोजक सुरेश गुप्ता व गुप्ता परिवार ने माता रानी का पूजन मोती महाराज के मंत्रोच्चारण द्वारा कराया गया। इसके बाद सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर भजन संध्या का शुभारंभ किया गया। मां आदिशक्ति की भक्तिभाव से पूजा और आराधना के साथ ही भक्ति से ओतप्रोत पारंपरिक गरबा गीतों पर गुजराती, राजस्थानी, उड़िया पहनावे में गरबा प्रेमियों के पांव थिरक रहे थे। वहीं ताल से ताल मिलते ही भाव में रमे गरबा प्रेमियों ने भक्ति में ऐसी चौकड़ी-छकड़ी भरी की मंडप में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। इसमें हर वर्ग के लोग भक्ति भाव से गरबा करते हुए इसे आस्था और उत्सव का रूप देते हुए माता को रिझाने में तल्लीन नजर आए।



भजन संध्या कार्यक्रम में आशीष मिश्रा जगराता ग्रुप एवं उनकी टीम द्वारा लोगों को गरबा खेलने से रोक न सके। युवाओं से लेकर बुजुर्ग व कपल्स की भीड़ देखने को मिली। युवाओं के एनर्जी व उत्साह के साथ ताल से ताल मिलकर जोशीले अंदाज में गरबा खेलकर माहौल बना दिया। साथ ही भजनों से मां का गुणगान किया। कार्यक्रम में शंकर गणेश और सरस्वती वंदना भी प्रस्तुत की गई। साथ ही अपने हास्य व्यंगों से खूब हंसाया गया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से पधारे संबलपुर आर्केस्ट्रा ग्रुप के जाने माने उड़िया भजन गायक श्रीमंत कुमार द्वारा माता का ओडिया भजन जैसे अनेक भक्तिमय गीतों की प्रस्तुतियां दी गई। इस दौरान निर्मल यादव द्वारा छत्तीसगढी भजन के साथ वहीं पाटनागढ़ ओडिशा की भजन गायिका मेहर द्वारा उड़िया भजन भक्तिमय गीतों की भी प्रस्तुतियां दी गई। आशीष मिश्रा द्वारा माता रानी के डांडिया व शंकर डमरू वाले गीतों पर महिलाओं के साथ शहर के लोगों ने जमकर डांडिया व नृत्य किया। कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों एवं आशीष मिश्रा एंड ग्रुप का गुप्ता परिवार के द्वारा शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया।

वहीं मां मंनसा देवी समिति के तिलक साहू ने आभार जताते हुए कहा कि बदलते मौसम में भी शहर के लोगों ने जगराता गरबा डांडिया में जिस तरह से अपना उत्साह दिखाया और तेज बारिश में भी भीड़ से भरा अद्भुत नजारा देखने को मिला। यह क्षेत्र वासियों का प्यार है और आगे भी इसी तरह माता देवी की कृपा से पारिवारिक माहौल में सभी के सहयोग से अगले साल माता जगराता गरबा डांडिया नृत्य के आयोजन को यादगार बनाने के लिए और भव्यता से यह आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर तिलक साहू, बाबा प्रधान, रामलाल प्रधान, छोटू जोगी, मनोज यादव, निखिल कानूनगो, प्रकाश प्रधान, मजेश भोई, डॉर श्याम किशोर सिंह, दिलीप भोई, प्रदीप बारीक, निरंजन कोसरिया, जयंत बारीक आदि मौजूद रहे।

## गरबा नृत्य मां दुर्गा की उपासना का जीवंत उदाहरण : निखिल

**जलसा गरबा कार्यक्रम में शामिल हुए नपाध्यक्ष**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रायपुर रोड स्थित चावला पैलेस में आयोजित जलसा गरबा कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान सांस्कृतिक व पारंपरिक भक्ति गीतों में गरबा प्रेमियों ने नृत्य का प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष साहू ने आयोजन समिति एवं उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि गरबा को केवल एक डांस या मनोरंजन के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। यह देवी आराधना का एक श्रेष्ठ और दिव्य माध्यम है। उन्होंने कहा कि नवरात्र का हर दिन शक्ति, श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक है और गरबा नृत्य मां दुर्गा की उपासना का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करता है। उन्होंने गरबा में शामिल लोगों को शुभकामनाएं और बधाई देते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में भाग ले रहीं माताएं, बहनें वास्तव में साक्षात देवी के स्वरूप में प्रतीत हो रही हैं। उन्होंने आयोजकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक आयोजन समाज को एकजुट करने, हमारी परंपराओं और संस्कृति को संजोने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, नगरवासी एवं भक्त शामिल हुए और देर रात तक देवी भक्ति में डूबकर गरबा महोत्सव का आनंद लिया। पूरे आयोजन स्थल पर भक्तिमय वातावरण बना रहा और मां दुर्गा के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा।

# एनसीसी निदेशालय को मिली विशेष उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

27 सी बटालियन एनसीसी रायपुर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सौरभ कुमार के आदेशानुसार में एवं प्राचार्य प्रो करुणा दुबे के मार्गदर्शन एवं लेफ्टिनेंट प्रदीप कन्हेर के निर्देशन में शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के दो एनसीसी कैडेट्स नैवेद्य कुमार और जागृति दीवान ने क्रमशः हेल्थ एंड हाइजीन और मैप रीडिंग में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर ऑल इंडिया थल सेना शिविर नई दिल्ली में भाग लिया। साथ ही महासमुंद ज़िले सहित छत्तीसगढ़ राज्य का नाम रोशन किया है। वहां कैडेट्स ने फील्ड क्राफ्ट, फायरिंग, बाधा प्रशिक्षण, नक्शा पठन, सहनशक्ति और नेतृत्व जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वयं को देश में सर्वश्रेष्ठ साबित किया। यह पहली बार है जब एमपी एवं सीजी निदेशालय ने इस प्रतिष्ठित शिविर में इतना ऊंचा स्थान हासिल किया है। इनकी उपलब्धि से युवाओं को अनुशासन, उत्कृष्टता और राष्ट्र-निर्माण के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरणा मिलेगी। महाविद्यालय से डॉ रीता पांडेय, डॉ नीलम अग्रवाल, डॉ आर के अग्रवाल, डॉ मालती तिवारी, डॉ ई पी चेलक, प्रो. मनीराम धीवर, प्रो. अजय कुमार राजा, प्रो. राजेश्वरी सोनी, प्रो. सरस्वती सेठ, प्रो. मनबोध चौहान, डॉ जगदीश सत्यम, डॉ प्रियंका चक्रधारी, प्रो. अजय देवांगन, प्रो. मनीषा बेहरा, प्रो. नम्रता तंबोली, प्रो. शिवानी तावेरकर, प्रो. प्रकाशमणि साहू और कार्यालय से मुकेश साहू, वेद देवांगन, केसर कश्यप, कुंदन देवांगन आदि ने हर्ष जताया है।





# कमीशनखोरी के चलते सीमेंट कंपनियां रेट नहीं घटा रही

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश झाबक ने केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों में कमी और उसकी वास्तविकता पर बयान देते हुए कहा है कि सरकार जीएसटी रिफॉर्म की बात कह उत्सव मना रही है। सरकार का दावा था कि 22 सितंबर से देशभर जीएसटी की नई घटी दरें लागू हो जाएंगी, किंतु वास्तविकता इससे परे है। अभी भी खुदरा दुकानदार पुराना स्टॉक का बहाना बनाकर लोगों से बनाकर वही पुरानी दरें वसूल रहे हैं। उनकी दलील है कि अभी हमारे पास पुराना स्टॉक है, नये स्टॉक में दाम कम होंगे। जाहिर है सरकार पूरी तरह 22 सितंबर से घटी दरें लागू करने में नाकाम रही है और आज भी जनता ज्यादा दाम में सामान खरीदने में मजबूर हैं। सीमेंट आदि कंपनियों ने भी अपनी दरें अभी तक कम नहीं की हैं। जीएसटी दर कम होने के बावजूद और बरसात में प्राइवेट निर्माण और सरकारी निर्माण बंद हो जाने पर भी सीमेंट कंपनियों ने 50 से 60 रुपए बोरी सीमेंट कंपनियों के



रेट बढ़ाया है, जबकि बरसात में खपत कम होती है। इसका साफ मतलब है कि बड़े हुए रेट का पैसा सरकार के खाते में जा रहा है और कंपनियों के साथ बड़ा कमीशनखोरी का खेल चल रहा है और सरकार उन्हें नियंत्रित करने में नाकाम रही है। पिछले 8 साल में लगभग 127 लाख करोड़ जनता की जेब से लूटकर मात्र 2 लाख करोड़ की बचत का ढिंढोरा पीटा जा रहा है। जीएसटी रिफॉर्म के बाद स्पष्ट हो गया है कि मोदी सरकार ने अनियमित जीएसटी लगाकर गरीब जनता, मध्यम वर्गीय परिवार, किसानों, आम जनता की बचत को 8 सालों में सरकार ने लूटा है।

# नर्सरी कक्षा के लिए पेरेंट्स कनेक्ट कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गुड शेफर्ड इंग्लिश मीडियम स्कूल में नन्हें छात्रों के समग्र विकास, मोबाइल के साइड इफेक्ट्स और बच्चों के हेल्थ एंड हाइजिन में अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए नर्सरी कक्षा में पेरेंट्स कनेक्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय और अभिभावकों के बीच संवाद को सशक्त करना, बच्चों पर मोबाइल के दुष्प्रभाव की जानकारी, हेल्थ एंड हाइजिन तथा बच्चों के शैक्षणिक व भावनात्मक विकास में साझेदारी को बढ़ावा देना रहा।





कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य एम निवास राव के स्वागत भाषण से हुई। इसके उपरांत प्रधानाचार्य मिताली गुरुंग ने कहा मोबाइल फोन आज के समय की आवश्यकता है, किंतु छोटे बच्चों में इसका अत्यधिक प्रयोग उनकी दृष्टि, मानसिक विकास तथा व्यवहार पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। इसके पश्चात नर्सरी शिक्षिकाओं ने सरल भाषा एवं आकर्षक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को बताया कि मोबाइल पर लंबे समय तक कार्टून या गेम देखने से आंखों की रोशनी कमजोर हो सकती है, नींद प्रभावित हो सकती है और उनकी एकाग्रता कम हो जाती है। स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर सत्र के दौरान बच्चों को हाथ धोने की सही विधि, भोजन से पूर्व एवं बाद में स्वच्छता रखने की आदतें तथा दैनिक जीवन में साफ-सफाई का महत्व बताया गया। शिक्षिकाओं ने गीतों, कविताओं और चित्रों के माध्यम से इन बातों को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया, जिससे बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।

अभिभावकों को भी मोबाइल के नियंत्रित उपयोग, बच्चों के साथ संवाद बढ़ाने और उन्हें अधिक से अधिक शारीरिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया। नर्सरी कक्षा के नन्हे बच्चों ने बम-बम बोले गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। अभिभावकों ने भी अपने विचार साझा करते हुए विद्यालय की पहल की सराहना की। उन्होंने इसे एक प्रभावी मंच बताया, जहां वे न केवल अपने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति को समझ सके, बल्कि शिक्षकों के साथ संवाद स्थापित कर उनकी आवश्यकताओं को भी बेहतर ढंग से जान पाए। यह पहल विद्यालय द्वाराअभिभावक-शिक्षक संबंधों को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक सराहनीय कदम सिद्ध हुई। कार्यक्रम का संचालन साक्षी साहू ने किया एवं दीपा कुमार, शिवानी, टेसू, मानसी आदि शिक्षकों के सहयोग से यह कार्यक्रम हुआ।

## जीएसटी स्लैब में सुधार कर आम जनता को मोदी सरकार ने दी बड़ी राहत : भाऊराम

**महासमुंद।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष व पार्षद भाऊराम साहू ने केंद्र सरकार की ओर से जीएसटी स्लैब में किए गए सुधार का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के इस जनहितैशी निर्णय से नवरात्रि उत्सव को बजट उत्सव के रूप में देखा जा रहा है। जिधर देखो उधर लोगों में खुशी और जश्न की लहर है। अब 390 वस्तुओं पर जीएसटी दरें कम की गई हैं, जिससे समाज के सभी वर्गों को लाभ होगा। भाजपा नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त को लाल किले से त्योहारों के सीजन से पहले आम जनता, व्यापारियों, गरीबों और उद्योगपतियों को जीएसटी में बड़ी राहत देने की बात कही थी। इसे पूरा करते हुए एक महीने में ही जीएसटी परिषद की बैठक में जीएसटी सुधारों का निर्णय लिया गया। अब जीएसटी में 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत की दरों को खत्म कर दिया गया है। केवल दो ही स्लैब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत हैं। इस बदलाव का सीधा लाभ आम जनता को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से त्योहारों के दौरान लोगों के घरों में खुशी है आमजन को महंगाई से बड़ी राहत मिली है। जीएसटी स्लैब में सुधार का बड़ा लाभ किसानों को भी मिला है। सरकार ने ट्रैक्टर, ड्रिप सिंचाई प्रणाली और अन्य कृषि उपकरणों पर जीएसटी की दर 18% से घटाकर 5% कर दी है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बड़ा बढ़ावा मिलेगा। दो दरों वाली जीएसटी व्यवस्था से उत्पादों की कीमतों में कमी आएगी। इससे उपभोग को बढ़ावा मिलेगा और मुद्रा परिसंचरण में सुधार होगा। जीएसटी सुधार से वाहन, इलेक्ट्रॉनिक सामानों की खरीदी में आम जनता को लाभ होगा। आगामी दीपावली पर्व के दौरान लोग बड़ी संख्या में कार, बाइक खरीदते हैं, स्लैब में कटौती से इनकी दरें कम हुई है, आम जनता को महंगाई से बड़ी राहत मिली है।



# शासकीय भूमि में अवैध कब्जा के जांच के लिए रायपुर से पहुंची टीम, किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)

स्थानीय वार्ड क्रमांक 10 पुराना पीडब्ल्यूडी कार्यालय में लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग बिलासपुर के अनुविभाग रायगढ़ में पदस्थ उप अभियंता भुजरंग साय पैकरा द्वारा अवैध रूप से शासकीय जमीन पर कब्जा कर मकान बनाने कि शिकायत पर जांच के लिए 29 सितंबर को रायपुर से एनएच की टीम अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग रायपुर ए एच जेपी कौशल व उप अभियंता कोकिला घोड़ेसवार पहुंची थी। स्थल निरीक्षण कर पंचनामा बनाकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

बता दें कि भुंजरंग सहायक पैकरा शासकीय सेवक द्वारा पुराना टैक्सी स्टैंड के पास स्थित पुराना पीडब्ल्यूडी कार्यालय भवन को तोड़कर कब्जा करने के नियत से पक्का मकान बनाया जा रहा था। 15 सितंबर को सरायपालीवासियों द्वारा शासकीय भूमि से शासकीय सेवक के द्वारा किए जा रहे कब्जा को हटाने धरना-प्रदर्शन भी किया गया था। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सीएमओ द्वारा ठोस कार्रवाई का आश्वासन देने पर धरना-प्रदर्शन समाप्त किया गया था। जिसके अगले दो दिनों के अंदर ही निर्माण कार्य के लिए रखे मटेरियल को खाली किया गया। तहसीलदार सरायपाली के द्वारा लोक निर्माण विभाग एनएच को उक्त मामले की जानकारी देकर उनके शासकीय जमीन से कब्जा हटाने पत्र व्यवहार किया गया था। जिसके बाद जांच के लिए 29 सितंबर को एसडीओ एनएच रायपुर व उप अभियंता रायपुर की टीम स्थल निरीक्षण व शिकायत की जांच करने सरायपाली पहुंचे थे। जहां मौके पर स्थल निरीक्षण कर आस पड़ोस के लोगों से पंचनामा बनाकर अग्रिम कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। इस मामले को लेकर शिकायतकर्ता सौरभ गोयल ने बताया कि उनके शिकायत पर 12 सितंबर को भुजरंग साय पैकरा द्वारा अवैध रूप से गेट निर्माण किया जा रहा था, जिस पर तहसीलदार द्वारा कड़ा रुख अपनाते हुए सीएमओ सरायपाली को निर्देशित कर जब्ती की कार्रवाई भी की थी। इसके पूर्व उक्त शासकीय भूमि पर किए जा रहे निर्माण कार्य पर भी तहसीलदार द्वारा स्थगन आदेश जारी किया गया था, लेकिन भुजरंग साय पैकरा द्वारा तहसीलदार के आदेश का उल्लंघन करते हुए निर्माण कार्य जारी रखा था। सौरभ गोयल ने बताया कि शासकीय भूमि पर शासकीय सेवक भुजरंग साय जो लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग अनुविभाग रायगढ़ में पदस्थ हैं। रायगढ़ में पदस्थापना के बावजूद उप अभियंता भुजरंग साय द्वारा अवैध रूप से कब्जा करने के उद्देश्य से पक्का निर्माण पुराने पीडब्ल्यूडी कालोनी में किया जा रहा है। अतिक्रमण को लेकर उप अभियंता भुजरंग साय के विरुद्ध वर्ष 2017-18 में तहसील न्यायालय सरायपाली से जुर्माना और बेदखली का आदेश पारित हो चुका है। बावजूद इसके चालू वर्ष में पुनः निर्माण कार्य किया जा रहा था। जो पूरी तरह से गैरकानूनी है।



तहसीलदार कार्यालय ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यपालन अभियंता को अतिक्रमण हटाने पत्र भेजा है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि उक्त शासकीय भूमि पर किसी भी तरह की विभागीय अनुमति के बिना निर्माण कार्य अवैध है। बहरहाल, उप अभियंता भुजरंग साय पैंकरा द्वारा अनाधिकृत कब्जे और गैर जिम्मेदाराना गतिविधियों को लेकर सरायपाली के लोगों में बेहद आक्रोश हैं। उक्त शासकीय सेवक द्वारा कथित रूप से स्वयं को प्रदेश के मुख्यमंत्री का करीबी रिश्तेदार बताकर लोगों में दहशत फैलाने का कार्य किए जाने की भी शिकायत स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री को किए जाने की तैयारी की हैं।

# मचेवा पंचायत भवन में लगा स्वास्थ्य शिविर

**महासमुंद।** शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूथ रेड क्रॉस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में गोद ग्राम मचेवा के पंचायत भवन में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन राज्य एनएसएस अधिकारी नेता बाजपेई, समन्वयक डॉक्टर एलएस गजपाल, जिला संगठक डॉ मालती तिवारी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी नायर, रेड क्रॉस इकाई के जिला संगठक अशोक गिरी गोस्वामी के मार्गदर्शन एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर एसबी कुमार के दिशा निर्देशन में आयोजित किया गया। जिला चिकित्सालय से भुनेश्वरी साहू एवं सोमनाथ साहू पीएचसी खट्टी ने नेत्र जांच की। जिसमें लगभग 70 लोगों ने जांच कराए और उन्हें चश्मे का नंबर के साथ कुछ लोगों को चश्मा भी वितरित किया गया। वितरण किया गया। कार्यक्रम में सरपंच प्रमिला संजय ध्रुव ने कहा कि इस प्रकार से गांव में शिविर आयोजित होने से ग्रामीणों को लाभ मिलता है। दो दिवसीय शिविर के पहले दिन 150 छात्राओं की जांच हुई वहीं दूसरे दिन ग्राम मचेवा में। इस शिविर का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ सरस्वती वर्मा, यूथ रेड क्रॉस इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ श्वेतलाना नागल के नेतृत्व में स्वयंसेवक सीमा साहू, हिमांशी, अजीति, उर्वशी साहू ने इस जांच परीक्षण में पूरा सहयोग प्रदान किया।



HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफ़ेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### भाजपाइयों ने सुनी पीएम के मन की बात

**महासमुंद।** माह के अंतिम रविवार 28 सितंबर को वार्ड 07 बूथ में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात सुनी गई। इस दौरान मंडल मंडल महामंत्री मीना वर्मा, पूर्व पार्षद विजय साहू, गोपाल वर्मा, भगवती साहू, भुवन सिन्हा, पद्मिनी नागेश, राजकुमारी निषाद, कुंती सिन्हा, कुमारी निषाद, ईश्वरी सोनी, हेमा, विनय वर्मा, कमला, नव्या, रिद्धि, महेंद्र सिक्का, समीरा और स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता रहे।



### कृषि में ड्रोन तकनीक का प्रयोग का प्रदर्शन

**महासमुंद।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केंद्र महासमुंद द्वारा ग्राम धनसुली में निकरा परियोजनांतर्गत धान की फसल में कृषि ड्रोन तकनीक द्वारा कीटनाशक छिड़काव का प्रदर्शन किया गया। साथ ही उपस्थित किसानों को ड्रोन संचालन की तकनीकी जानकारी, ड्रोन तकनीक का कृषि में उपयोग व भविष्य की संभावना पर चर्चा करते हुए कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया। जिसमें कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख/प्रधान अन्वेषक, निकरा परियोजना डा आरएल शर्मा, विषय वस्तु विशेषज्ञ डा रवीश केशरी, कृषि विभाग से ग्रामीण कृषि विकास विस्तार अधिकारी कल्पना साहू, निकरा परियोजना के वरिष्ठ अनुसंधान अध्येता तरूण प्रधान एवं धनसुली ग्राम के कृषकगण उपस्थित हुए।



### प्राथमिक शाला सिंघी में न्योता भोज का आयोजन

**खल्लारी।** नवरात्रि पर्व पर शासकीय प्राथमिक शाला सिंघी में शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा नेवता भोज का आयोजन किया गया। छोटे बच्चों को कन्या भोज करा कर नवरात्रि की पर्व को विशेष बनाया गया। नवरात्रि पर्व पर नौ देवियों की पूजा की जाती है। 9 दिन मां अंबे की सेवा की जाती है। नवरात्रि के महत्व को बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई। इस मौके पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।। बच्चों को इस कन्या भोज के पश्चात उपहार स्वरूप भेंट किया गया। न्योता भोज में खीर,पूड़ी, दाल, चावल, सब्जी परोसा गया। इस अवसर पर पीतांबर राव पाठक (प्रधान पाठक), राजेंद्र कुमार साहू, प्रतिभा साहू, नूतन दुबे का विशेष योगदान रहा। ज्योति यादव, उर्मिला यादव, वंदना निषाद उपस्थित रहे।

### देवी कात्यायनी की पूजा से जीवन में आती है सुख-समृद्धि-साहू

**महासमुंद।** नवरात्रि के छठे दिन देवी कात्यायनी की पूजा से वैवाहिक जीवन में सुख-समृद्धि आती है और गृहस्थ जीवन में शांति बनी रहती है। विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांव लाफिन खुर्द, चिंगरौद, बम्हनी, परसट्ठी, बरोंडा बाजार के पंडालों में पहुंचकर भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख समृद्धि की कामना की। साहू ने कहा कि हिंदू मान्यता के अनुसार भगवती दुर्गा का छठा स्वरूप मां कात्यायनी दिव्य आभा लिए हुए हैं, वे सोने के समान तेज लिए हैं।

### निधन

### शफी मोहम्मद

**बागबाहरा।** ग्राम बकमा निवासी शफी मोहम्मद का आकस्मिक निधन 29 सितंबर सोमवार को हो गया, जिनका सकता स्थिति कब्रिस्तान में सुपुर्द ख़ाक किया गया। वे कांग्रेस नेता शेर मोहम्मद के पुत्र, शेख गुलाम सरवर के बड़े भाई, वसीम तथा हासिम के पिता थे।



# राष्ट्रीय पैरा योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप नई दिल्ली में तोरण ने जीता कांस्य पदक

## पहला नेशनल पैरा योगासन चैंपियनशिप 2025-26 का आयोजन मोरारजी देसाई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ योग नई दिल्ली में हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पहला नेशनल पैरा योगासन चैंपियनशिप 2025- 26 का आयोजन मोरारजी देसाई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ योग नई दिल्ली में 27 से 28 सितंबर 2025 तक पैरा योगासन स्पोर्ट्स प्रमोशन कमेटी ऑफ योगासन भारत द्वारा आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में 21 राज्यों के 275 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़ प्रदेश की टीम में महासमुंद जिले से 02 खिलाड़ी तोरण यादव एवं प्रीति यादव शामिल हुई। राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप नई दिल्ली में तोरण यादव ने बेहतर प्रदर्शन करने के साथ कांस्य पदक जीतकर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर लिया है। तोरण यादव पिता डेरहा यादव जो ग्राम पंचायत खट्टी के निवासी हैं, जिन्होंने इससे पहले भी राष्ट्रीय पैरा कबड्डी चैंपियनशिप में भागीदारी करने के साथ कांस्य पदक जीतने में सफलता हासिल किया है। तोरण ग्राम पंचायत खट्टी में योग अभ्यास करते हुए गांव के योग खिलाड़ियों को अभ्यास कराते हैं। साथ ही शारीरिक शिक्षा (बीपीएड) की पढ़ाई मनसा कॉलेज भिलाई में कर रहे हैं। तोरण ने पदक जीतकर जिले व राज्य को गौरवान्वित किया है। प्रीति यादव पिता रमेश यादव फॉर्चून नेत्रहीन विद्यालय कर्मापटपर बागबाहरा में रहते हुए पैरा एथलेटिक्स में पदक जीतने में सफलता हासिल किया था, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पदक जीतने पर राज्य खेल अलंकार से पुरस्कृत किया गया हैं। पहला राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप नई दिल्ली में प्रीति ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन करने के साथ ही चैंपियनशिप में सातवां स्थान हासिल किया। पहला नेशनल पैरा योगासन चैंपियनशिप 2025- 26 में दोनों खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज धृतलहरे, उप संचालक समाज कल्याण संगीता सिंह, मनसा शिक्षा महाविद्यालय भिलाई प्राचार्य डॉ. स्मिता सक्सेना एवं खेल अधिकारी डॉ. मेजर सिंह, सरपंच ग्राम पंचायत खट्टी अनिता मोतीलाल मेहरा, जिला पैरा स्पोर्ट्स संघ महासमुंद अध्यक्ष निरंजन साहू एवं गणेश राम कोसरे, कोषाध्यक्ष सेवन दास मानिकपुरी, हिरेंद्र देवांगन, डॉ विकास अग्रवाल, पूर्नेंद्र चंद्राकर, स्पोर्ट्स ऑफिसर पीजी कॉलेज दिलीप लहरे, राकेश ठाकुर, शिवेंद्र यादव, सविता निषाद, सत्यनारायण दुर्गा, प्रभा साहू, एवन साहू, फॉर्चून नेत्रहीन विद्यालय कर्मापटपर बागबाहरा के समस्त शिक्षक एवं स्टॉफ, खेल संघ एवं खिलाड़ियों ने हर्ष जताया है।



**आस्था:** मां खल्लारी के दर्शन पूजन के लिए सहरिवार पहुंचे बिंद्रानवागढ़ विधायक

# मां खल्लारी के दर्शन-पूजन से हुई अद्भुत आत्मशांति की अनुभूतिः ध्रुव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खल्लारी

छत्तीसगढ़ आदिवासी कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष एवं विधानसभा क्षेत्र बिंद्रानवागढ़ के विधायक जनक ध्रुव ने क्वांर नवरात्र पर्व के विशेष मौके पर खल्लारी प्रवास के दौरान धर्मपत्नी वर्षा ध्रुव, सुपुत्र चित्रांश ध्रुव व कोविंद ध्रुव सहित सपरिवार पहाडी वाली खल्लारी मातेश्वरी का दर्शन पूजन किया। इस दौरान पहाड़ी ऊपर मंदिर के महराज ने विधिवत पूजा अर्चना कराया। जहां विधायक जनक ध्रुव ने श्रद्धापूर्वक मां खल्लारी के समक्ष मत्था टेंका। इस दौरान उनके सभी निज सुरक्षा अधिकारियों ने भी मां खल्लारी का दर्शन पूजन किया।

पहाड़ी वाली खल्लारी मातेश्वरी के दर्शन पूजन कर रोपवे से वापस पहाड़ी नीचे पहुंचने पश्चात बिंद्रानवागढ़ विधायक ध्रुव ने नीचे माता राऊर स्थित खल्लारी मातेश्वरी मंदिर में महाराज भवानीदास वैष्णव की उपस्थिति में यहां भी विधिवत दर्शन पूजन किया। पश्चात तेरहवीं शताब्दी के ऐतिहासिक जगन्नाथ मंदिर भी पहुंचा, जहां दर्शन पूजन कर मंदिर के केयर टेकर राजेश जलक्षत्री से ऐतिहासिक जगन्नाथ मंदिर की भव्यता और मंदिर के इतिहास को जाना एवं मंदिर निर्माण कलाकृतियों का प्रशंसा भी की।

बता दे कि बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव मां खल्लारी के दर्शन पूजन करने पहाड़ी में रोपवे के माध्य से पहुंचा था। पहाड़ी ऊपर मां खल्लारी के दर्शन कर जब पुनः रोपवे से वापस नीचे पहुंचा तो मां खल्लारी के दर्शन पूजन से अद्भुत आत्मशांति की बात कही। साथ ही रोपवे में नीचे से ऊपर और ऊपर से नीचे आते-जाते खल्लारी के मनोरम दृश्यों को देख वे आनंदित हो गए। वहीं विधायक ध्रुव ने कहा कि प्रदेश में खल्लारी का अपना अलग पहचान है। आगे चल कर यह स्थान पूर्ण रूप से पर्यटन के रूप में जरूर विकसित होगा है। जहां पहाड़ी के नीचे रोपवे के करीब सामाजिक कार्यकर्ता व ग्राम पंचायत खल्लारी के उपसरपंच तारेश साहू, मिल्लूराम साहू, इंद्रकुमार चौहान, मनहरण गुप्ता ने सौजन्य भेंट मुलाकात कर उनका अभिवादन किया। इस पहले बिंद्रानवागढ़ विधायक ध्रुव से पहाड़ी ऊपर संचालित प्रसादी स्थल भंडारा में समिति पदाधिकारियों ने भेंट मुलाकात कर आत्मीय स्वागत, अभिनंदन किया। जहां बिंद्रानवागढ़ विधायक ध्रुव ने दर्शनार्थियों व पर्यटकों के आगमन व भंडार व्यवस्था पर विशेष चर्चा कर यहां की व्यवस्थाओं को जाना। इस दौरान भण्डारा स्थल में समिति के सदस्यों में अध्यक्ष रमेश तिवारी, शंकरलाल कौशिक, बिसहत सबर, बैसाखु चक्रधारी, तेरस कैवर्त, विक्रम ठाकुर, ललित चंद्राकर, संजू तिवारी, सरज यादव व धीरज गुप्ता, ओमप्रकाश साहू, चंद्रेश राजपूत समेत मंदिर ट्रस्ट एवं भंडार समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों के अलावा स्थानीय लोग मौजूद रहे।



### ठाकुरदियाखुर्द के आसपास घूम रहा भालू



**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम ठाकुरदिया खुर्द के ग्राम समीप खेतों में भालू के घुसने से ग्रामीणों में दहशत है। ग्राम कोटवार और सरपंच के माध्यम से ग्राम में मुनादी कर ग्रामीणों को सतर्क रहने और भालू से छेड़छाड़ न करने की हिदायत दी गई है। वहीं वन विभाग की टीम अलर्ट है। वन विभाग की टीम ने मोर्चा संभाला है और स्थल पर निगरानी रख रही है। रेंजर सालीकराम डडसेना ने बताया कि हमारी टीम भालू को सुरक्षित जंगल वापस भेजने प्रयासरत है।

### बिंद्रावन में डीजे डांस प्रतियोगिता आज

**नर्रा।** नव युवा संगठन उत्सव समिति ग्रामवासी बिंद्रावन के तत्वावधान में क्वांर नवरात्र के दुर्गाष्टमी पर 30 सितम्बर मंगलवार को रात्रि 8 बजे से भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव होंगे। अध्यक्षता जनपद पंचायत बागबाहरा अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर करेंगे। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, लता कुम्हार जनपद सदस्य बागबाहरा, लोचन पटेल जनपद सदस्य, कलाराम नायक पूर्व जनपद सदस्य, सरपंच गायत्री ठाकुर, उपसरपंच पार्वती पांडे, बृजलाल राणा अध्यक्ष केन्द्रीय कुम्हार समाज, रेखम पांडे पूर्व सरपंच, अमृत राणा सरपंच सर्कल कुम्हार समाज, रिखीराम ठाकुर सरपंचप्रतिनिधि बिंद्रावन होंगे। प्रतियोगिता में ग्रुप डांस में प्रथम पुरस्कार 11 हजार, युगल में 4 हजार एवं एकल में 3 हजार7 इसी तरह द्वितीय 6 हजार, युगल में 3 हजार एवं एकल में 2 हजार। तृतीय ग्रुप डांस 4 हजार, युगल 2 हजार और एकल 1500, चतुर्थ ग्रुप 2 हजार युगल 1 हजार एकल 1 हजार रुपए दिया जाएगा।



### विभिन्न गांवों के दुर्गा पंडालों में पहुंचे तुषार

**महासमुंद।** भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ग्राम सिरगिड़ी, उमरदा, गौरखेड़ा, जामली, कोसरंगी, खट्टी, लभराकला, कोना, केशवा, बकमा, बोरियाझर, मोंगरा, धनसुली के दुर्गा पंडालों में पहुंचकर पूजा अर्चना की। तुषार ने कहा कि पौराणिक कथा के अनुसार, मां काली प्राकट्य असुरों के संहार के लिए हुआ था। जब रक्तबीज नाम का असुर अपनी रक्त की प्रत्येक बूंद से नए असुर पैदा करता था, तो अन्य देवता उसे रोकने में असफल रहे। तब माता दुर्गा के शरीर से मां काली प्रकट हुईं, और रक्तबीज का संहार किया। युद्ध के बाद भी जब उनका क्रोध शांत नहीं हुआ, तो भगवान शिव स्वयं उनके चरणों में लेट गए, और जब मां काली ने शिव के ऊपर पैर रखा, तो उन्हें अपनी गलती का अहसास हुआ, जिससे उनका क्रोध शांत हो गया और उनकी जीभ बाहर निकल आई।

# सिल्वर जुबली समारोह में दिनेश कुमार होंगे शामिल

## नेशनल इंटीग्रेशन फॉर आर्टिस्टिक्स एंड एक्टिविस्ट (निफा) संस्था मनाएगा 25वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कला, संस्कृति और सामाजिक सरोकारों को प्रोत्साहित करने वाली प्रतिष्ठित संस्था निफा (नेशनल इंटीग्रेशन फॉर आर्टिस्टिक्स एंड एक्टिविस्ट), जिसके नाम 6 गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज हैं, अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण कर रही है। इस अवसर पर संस्था का सिल्वर जुबली समारोह राजधानी दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित होगा।

समारोह में देशभर के प्रत्येक जिले से एक महिला/एक पुरुष को सम्मानित किया जाएगा। महासमुंद जिले से चयनित प्रतिभागी शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक दिनेश कुमार साहू एमए हिंदी के छात्र का चयन उनके सामाजिक सेवा कार्य क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्य, कोरोनाकाल पर सेवा जागरूकता कार्य, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ व महिला बाल सशक्तिकरण पर उत्कृष्ट कार्य के आधार पर किया गया है। कार्यक्रम की भव्यता बढ़ाने के लिए मॉरिशस के राष्ट्रपति मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। साथ ही विश्वविख्यात कत्थक नृत्यगुरु व भारतीय अभिनेताएं अपनी विशेष प्रस्तुति देंगे। चार दिवसीय आयोजन के अंतर्गत दिल्ली में मुख्य कार्यक्रम के पश्चात करनाल में सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा तथा अंतिम दिवस प्रतिभागियों को कुरुक्षेत्र भ्रमण कराया जाएगा। निफा संस्था के संस्थापक प्रीतपाल सिंह पन्नू ने कहा कि यह आयोजन देशभर के युवाओं को राष्ट्रीय मंच पर पहचान दिलाने और उन्हें सामाजिक परिवर्तन की दिशा में प्रेरित करने का एक ऐतिहासिक अवसर है।निफा छत्तीसगढ़ व महाराष्ट्र के राज्य समन्वयक डॉ प्रियंका बिस्सा व शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद के प्राचार्य प्रो करुणा दुबे, डॉ मालती तिवारी रासेयो जिला संगठक जिला महासमुंद, डॉ दुर्गावती भारतीय विभागाध्यक्ष हिंदी, अजय कुमार राजा कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस (पुरुष इकाई), राजेश्वरी सोनी कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस (महिला इकाई) समेत महाविद्यालय अधिकारी कर्मचारी एवं स्वयंसेवकों ने हर्ष जताया है।



# जिला सहकारी संघ की वार्षिक आमसभा में दी गई आय-व्यय की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला सहकारी संघ मर्यादित महासमुंद की वार्षिक आमसभा संस्था कार्यालय में आयोजित की गई। आमसभा की अध्यक्षता संस्था के प्राधिकृत अधिकारी एसके गुप्ता ने की। अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर आमसभा विधिवत आरंभ किया गया। वर्ष 2025-26 के वार्षिक आमसभा में कुल 8 विषय रखे गये थे। जिसका क्रमवार वाचन संस्था की ओर से एसके गुप्ता द्वारा किया गया। प्रत्येक विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा संस्था के प्रतिनिधियों/सदस्यों के समक्ष करते हुए आवश्यक जानकारी दी गई। इसमें पिछले आमसभा की कार्य वृत का वाचन, वर्ष 2024-25 के अंकेक्षण टीप, वित्तीय पत्रक, प्रगति प्रतिवेदन, वर्ष 2024-25 का आय व्यय का अनुमोदन, वर्ष 2025-26 के आय व्यय के बजट की स्वीकृति, पिछले वर्ष किये गये कार्यो का विवरण एवं कार्य योजना का अनुमोदन, सहकारिता के उद्देश्यों का प्रचार-प्रसार के लिए कार्ययोजना का अनुमोदन, सहकार से समृद्धि विषय का समितियों में व्यापक प्रचार-प्रसार करना, सम्मेलन, संगोष्ठी, अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 निर्धारित कार्य योजनानुसार कार्यक्रम आयोजित करना और अन्य विषय प्राधिकृत अधिकारी के अनुमति से आदि प्रमुख है। इन सभी विषयों पर प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सदस्यों से अनुमोदन प्राप्त किया गया।

संस्था के प्रगति प्रतिवेदन का पठन प्राधिकृत अधिकारी द्वारा किया गया और उपरोक्त दर्शाए सभी विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी भी उनके द्वारा दी गई। रेलवे माल धक्का हमाल श्रमिक सहकारी समिति महासमुंद के प्रतिनिधि दीनदयाल टंडन द्वारा संस्था के बारे में प्रकाश डाला गया और महिला नागरिक सहकारी बैंक महासमुंद की ओर से संस्था के प्रतिनिधि सीता डोडेकर ने भी संस्था के कार्यक्रम की काफी सराहना की। कार्यक्रम में अनेक प्रतिनिधि/सदस्यगण उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन एसआर बंजारे जिला प्रसार-प्रसार अधिकारी ने किया। अभार प्रदर्शन संस्था के प्रबंधक जीएल कौशिक ने किया।



### सड़क मरम्मत एवं अधूरे नाली निर्माण कार्य को पूर्ण कराने नपाध्यक्ष ने लिखा पत्र

**बागबाहरा।** बागबाहरा सीमा अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-353 में पिथौरा चौक से विश्वा ढाबा तक सड़क मरम्मत कार्य एवं अधूरे नाली निर्माण कार्य को पूर्ण करने के लिए कार्यपालन अभियंता, राष्ट्रीय राजमार्ग जिला महासमुंद (छग) को खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल अध्यक्ष नगरपालिका परिषद, बागबाहरा द्वारा पत्र लिखा गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग-353 में बागबाहरा सीमा अंतर्गत निर्मित सड़क के दोनों ओर विभिन्न स्थानों पर गड्ढे होने के कारण आवागमन बाधित होने के साथ-साथ दुर्घटना होने की संभावना हमेशा बनी रहती है। जिससे शहर के नागरिकों में जनाक्रोश है, साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग-353 में विभिन्न स्थानों में नाली निर्माण का कार्य अपूर्ण होने के कारण बरसात का पानी सड़क में आने से यातायात प्रभावित होती है। उक्त सारी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने एवं शहर में खराब सड़क के कारण हो रहे दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका परिषद बागबाहरा अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल द्वारा कार्यपालन अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग जिला महासमुंद को यथाशीघ्र सड़क मरम्मत कार्य एवं अधूरे नाली निर्माण कार्य को पूर्ण करने के लिए पत्र प्रेषित कर निर्देश दिए गए।












